भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4768
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2019
सोमवार, 31 आषाढ़, 1941 (शक)

अर्ह अभ्यर्थियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

4768. श्री भर्तृहरि महताबः श्री राहुल रमेश शेवलेः श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

क्या कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय कौशल विकास निगम कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने अभ्यर्थी लाभान्वित हुए हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं और एनएसडीसी के व्यावसायिक प्रशिक्षण के आधर पर उन्हें रोजगार मिला है;

(घ) क्या सरकार ने अनिवार्य कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के योगदान के अंतर्गत ऐसे व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाने हेतु फिक्की, सीआईआई जैसे विभिन्न औद्‌योगिक संघों के साथ समझौता किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) पूरे देश भर में अपने प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करता है। शुल्क आधारित मॉडल के अंतर्गत तैनाती (वर्ष-वार) के साथ-साथ प्रशिक्षण लक्ष्य और उपलब्धि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्त-वर्ष	शुल्क आधारित मॉडल में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या	रोजगार प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या
2016-17	15,91,519	6,64,952
2017-18	18,82,053	7,72,085
2018-19	20,18,069	6,62,315
कुल	**54,91,641**	**20,99,352**

एनएसडीसी प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) नामक सरकारी स्कीमों, जो महत्वाकांक्षी कौशल विकास स्कीम है, की कार्यान्वयन एजेंसी भी है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों की अवधि के दौरान नामांकित, प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त उम्मीदवारों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	नामांकित	प्रशिक्षित	आकलित	प्रमाणित	तैनाती की सूचना
2016 - 17	597214	223885	115657	85104	281
2017 - 18	2408401	2154883	1860809	1624695	454337
2018 - 19	1729500	1894429	1650851	1458326	674717
2019 – 20 (12.06.2019 तक)	626114	637335	593512	622834	77714
सकल योग	**5361229**	**4910532**	**4220829**	**3790959**	**1207049**

(घ) और (ड.) सरकार ने अपने निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाने के लिए फिक्की तथा सीआईआई जैसे किसी औद्योगिक संघों के साथ कोई समझौता नहीं किया है। हालांकि, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने निगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत कौशल विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक पीएसयू तथा कॉर्पोरेटों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किए हैं।

****